**<u>प्रेस नोट</u>**

**<u>दिनांक 24.11.2024</u>**

**<u>पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर स्थित बहुउद्देश्यीय हा ॅल का किया गया सौन्दर्यीकरण/जीर्णोद्धार :-</u>**

गोण्डा। आज दिनांक 24.11.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर स्थित बहुउद्देशीय हाल के सौन्दर्यीकरण/ जीर्णोद्धार का फीता काटकर लोकापर्ण/ उद्घाटन किया गया। अमर शहीद श्री राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को समर्पित करते हुए हाल का नामांकरण अमर शहीद श्री राजेंद्र नाथ लाहिड़ी बहुउद्देशीय हाल किया गया है, हाल का निर्माण पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा के मार्गदर्शन में कराया गया है। हाल का निर्माण 136×54 वर्गफीट में कराया गया है। जिसमें एक मुख्य गेट सहित कुल 07 गेट की व्यवस्था है। महोदय द्वारा बताया गया कि बहुउद्देशीय हाल अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। हाल में एक भव्य मंच का निर्माण किया गया है जिसका उपयोग उच्चाधिकारीगणों द्वारा ब्रीफिंग/सम्बोधन में किया जा सकता है। हाल में लगभग 500 से 600 व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था है। जिसमें उच्चाधिकारीगणों के विश्राम करने हेतु वातानुकूलित विश्राम कक्ष की व्यवस्था की गयी है। हाल में ही मल्टी किचेन, वा ॅस रूम सहित अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। हाल वास्तुकला के दृष्टि से शानदार संरचना, उच्च-स्तरीय आडियो-विजुअल सुविधाओं और अन्य तकनीकी बुनियादी ढांचे से सुसज्जित है। हा ॅल का उपयोग सेमिनार, बीफ्रिंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए किया जा सकेगा साथ ही पुलिस कर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु ध्यान और योगाभ्यास के लिए भी हाल का उपयोग किया जा सकता है।

**<u>इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा व प्रतिसार निरीक्षक श्री राकेश सिंह सहित अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।</u>**

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>**

**<u>प्रेस नोट</u>**

**<u>दिनांक 24.11.2024</u>**

**<u>शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना को0 नगर क्षेत्रान्तर्गत पैदल गस्त कर आमजनमानस को कराया गया सुरक्षा का एहसास, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश–</u>**

गोण्डा। आज दिनांक 24.11.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ थाना को0 नगर क्षेत्रांतर्गत प्रमुख चौराहों, तिराहों, सर्राफा मार्केट, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व अन्य चिन्हित स्थानों पर पैदल गस्त कर आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया। महोदय द्वारा आमजनमानस से जनसंवाद स्थापित कर शासन के द्वारा जारी गाइडलाइनों से सभी को अवगत कराया तथा सभी से आपसी भाईचारा, शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई साथ ही बताया गया कि संवेदनशील स्थलों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार, कस्बा, चौराहों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों आदि महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सतर्कता रखते हुए संवेदनशील स्थलों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों से निगरानी की जा रही है। आवागमन के मार्गो, संवेदनशील स्थलों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों तथा धार्मिक स्थलों के आस–पास प्रभावी मोबाइल पेट्रोलिंग लगातार की जा रही है। जनपद के बार्डर एरिया पर पिकेट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की संघन चेकिंग की जा रही है। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो, ट्विटर, फेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुपों सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की जा रही है किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना सोशल प्लेटफार्म पर यदि किसी के द्वारा फैलायी गयी तो उसके विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया कि यातायात माह नवंबर के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने व आमजनमानस को यातायात नियमों को पालन करने हेतु जागरूक करते रहे।

**<u>इस अवसर पर प्र0नि0 को0 नगर सहित पुलिस के अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहें।</u>**

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 24.11.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में समस्त राजपत्रित अधिकारियों/थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले कस्बा, सर्राफा बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर आम जनमानस से वार्ता कर कराया गया सुरक्षा का एहसास-**

गोण्डा। आज दिनांक 24.11.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल क्षेत्र व समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ कस्बा, भीड़भाड़ वाले स्थानों, सराफा मार्केट आदि जगहों पर पैदल गश्त कर आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा संदिग्ध दिखने वाले व्यक्तियों/वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी। राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जनसंवाद स्थापित कर शासन/उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए आदेशों-निर्देशों से आमजनमानस को अवगत कराया तथा सभी से आपसी भाईचारा, शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई साथ ही बताया गया कि आवागमन के मार्गो, संवेदनशील स्थलों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों तथा धार्मिक स्थलों के आस-पास लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना सोशल प्लेटफार्म पर यदि किसी के द्वारा फैलायी गयी तो उसके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**